सार-समाचार

साईमा सैयद व मुशाब श्रीलंका रवाना

जोधपुर, (कासं)। सूर्यनगरी की अंतर्राष्ट्रीय शूटर साईमा सैयद और बाल निशानेबाज मोहम्मद मुशब भारतीय क्रॉस बॉ शूटिंग टीम के सदस्य के रूप मे श्रीलंका के लिए रवाना हुए। ये शूटर्स श्रीलंका में हो रही सेकंड आईजीएफ इंटरनेशनल शूटिंग गेम्स 2024 प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। नई दिल्ली के इंदिरा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से टीम के रवाना होते वक्त भारतीय क्रॉसओवर शूंटिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खिलाडय़िों को शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। उल्लेखनीय की देश मे वन स्टार हॉर्स राइडर के लिए योग्यता हासिल करने वाली पहली महिला का गौरव प्राप्त कर चुकी साईमा सैयद पिछले लंबे समय से खेलों के क्षेत्र में सक्रिय है। इस दौरान साईमा घुड़सवारी के अलावा शूटिंग, बॉक्सिंग और सॉफ्टबॉल खेलों मे भी राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। वहीं मोहम्मद मुशब पिछले तीन सालों से क्रॉस बॉ शूटिंग कर रहा है और उसने इस दौरान राष्ट्रीय स्तर कई प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं। भारतीय क्रास बा शूटिंग टीम के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. सैयद मोईनुल हक़ ने भारतीय टीम के अच्छी प्रदर्शन की उम्मीद जताई हैं। भारतीय टीम के श्रीलंका रवाना होते समय प्रशिक्षक हक़ ने कहा कि टीम का प्रशिक्षण और मनोबल बहुत ऊंचा है और यह टीम निश्चित रूप से शानदार प्रदर्शन करेंगी। हक पिछले दो महीनों से भारतीय क्रॉस बॉ शूटिंग टीम को प्रशिक्षण दे रहे हैं। जोधपुर के क्रॉस बॉ शूटर साईमा सैयद और मोहम्मद मुसब भी इस टीम के हिस्सा है। हक़ ने आशा जताई है कि इन दोनों खिलाडय़िों सहित भारत के सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके काफी पदक प्राप्त करेंगे।

'गाय का सम्मान संस्कृति की देन'

जोधपुर, (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन मरुधरा लोक कला संगीत एवं सेवा संस्थान की अध्यक्ष डॉ स्वाति शर्मा का कहना है कि गायों की सेवा करना हम सभी को संस्कारों, परंपराओं और पीढिय़ों से सीखने को मिला है। गायों की सेवा और सम्मान करने का अर्थ यही होता है कि यह अपनी भारतीय संस्कृति का सम्मान कर रहे हैं, यदि हम गौ सेवा के प्रति समर्पित भाव रखेंगे तो आने वाली पीढय़िां भी गौ संरक्षण में अपनी सेवा की आहुति दे सकेगी। प्रोफेसर डॉ स्वाति शर्मा जोधपुर नागौर रोड पर स्थित गौ लोक महातीर्थ और विश्व स्तरीय गौशाला का मरुधरा लोक कला संगीत सेवा संस्थान की टीम के साथ अवलोकन और गौ सेवा करने के बाद संबोधित कर रही थी, उन्होंने बताया कि नागौर रोड स्थित गौ लोक महातीर्थ और विश्व स्तरीय गौशाला में जिस तरह स्वामी कुशाल गिरी महाराज के नेतृत्व में पूरी टीम गायों की सेवा कर रही है, यह अपने आप में पूरी दुनिया में अनूठा नवाचार और उदाहरण है। यहां से सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उपाध्यक्ष सुरभि शर्मा ने बताया कि संगठन ने समाज सेवा और कला संस्कृति के क्षेत्र में जब से कार्य करने का संकल्प लिया है तब से पूरी निष्ठा के साथ नई पीढ़ी को नवाचार से जोडऩे की कोशिश कर रहे है। संस्थान की कोषाध्यक्ष डिंपल गौड़ ने बताया कि गौ माता की सेवा करने से कई बीमारियों दूर होती हैं और हमें स्वास्थ्य लाभ मिलता हैं।

कोर्ट ने बलवंत की अर्जी खारिज की

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के सायला में करोडो की जमीन हथियाने के मामले में गिरफ्तार मुलजिम बलवंतसिंह दहिया राजपूत की जमानत अर्जी को को जिला एवं सेशन न्यायाधीश हारुन ने शनिवार को खारिज की। जानकारी के अनुसार मुलजिम बलवंतसिंह की ओर से अधीनस्थ न्यायालय जमानत अर्जी खारिज होने के बाद जरिए अधिवक्ता जिला एवं सेशन न्यायालय जालोर में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जिसकी सुनवाई शुक्रवार को हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से परिवादी के वकील ने तर्क दिया कि आरोपी बलवंत सिंह के खिलाफ डाक्यूमेंट्री प्रूफ है तथा उसने 2011 में हुए बेचान की जानकारी होते हुए कूटरचित पावर ऑफ अटॉर्नी का उपयोग कर अपनी बेटी शारदा कंवर और नौकर अशोक कुमार के नाम रजिस्ट्री करवा कर शंभूसिंह के हिस्से की जमीन को हडप लिया। साथ ही आरोपी बलवंतसिंह का आपराधिक रिकार्ड होने की बात भी कही। वहीं आरोपी पक्ष ने भी निर्दोष होने का हवाला देते हुए जमानत की मांग की। अभियोजन और आरोपी पक्ष दोनों पक्षों की बहस सुनने तथा पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुलजिम बलवंतसिंह पुत्र कानसिंह जाति दहिया राजपूत निवासी सायला की जमानत अर्जी को खारिज करने का फैसला सुनाया। परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता सिकन्दर अली सैयद व अश्विन राजपुरोहित ने की।

रिटायर्ड फौजी ने की हत्या, पकड़ा गया

जोधपुर, (कासं)। जिला जोधपुर ग्रामीण की बिलाड़ा थाना पुलिस ने बोलेरो से टक्कर मारकर एक व्यक्ति के हत्या करने के मामले में फरार चल रहे रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की टीमों ने उसकी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश के करीब 25 शहरों में तलाश की। वहीं 40 से अधिक टोल प्लाजा में सीसीटीवी फुटेज खंगाले तब वह पकड़ में आया। ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि गत 21 जून को एक बोलेरो चालक बाइक पर जा रहे दो व्यक्तियों को जान से मारने की नीयत से पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया था। हादसे में मोटरसाइकिल सवार डालाराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक तेजाराम के गंभीर घायल होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इस मामले में प्रार्थी झाक शेराराम पुत्र भंवरलाल जाट की ओर से हत्या का मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पता लगाया कि जिस वाहन से हादसा हुआ वह तिलवासनी निवासी ओमप्रकाश के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस पर टीम ने जांच की तो सामने आया कि तिलवासनी निवासी रिटायर्ड फौजी ओमप्रकाश ने पुरानी रंजिश को लेकर सोची समझी साजिश के तहत बाइक सवार दलाराम और तेजाराम को टक्कर मारी थी। इस पर टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की तो पुलिस से बचने के लिए आरोपी अलग-अलग राज्यों में भागता फिरता रहा। बाद में ओमप्रकाश फौजी को दस्तयाब किया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया।

गौ रक्षकों की गिरफ्तारी का विरोध

जोधपुर, (कासं)। जय श्री राम सेना संगठन एवं अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा शनिवार को रायपुर में गौ तस्करों की मृत्यु के आरोप में गौ रक्षकों की गिरफ्तारी के विरोध में जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। संगठन के उपाध्यक्ष पंकज पुरोहित ने बताया कि गत सात जून को रायपुर में गौरक्षकों द्वारा पुलिस को पूर्वसूचना देते हुए गौतस्करों को रुकवाने का प्रयास किया गया। प्रमुख गौरक्षकों में जय श्री राम सेना संगठन रायपुर के जिला उपाध्यक्ष भी हैं। पुलिस से बचने के लिए तस्कर महानदी पर बने पुल से नीचे कूद गए। संयोग से उस स्थान पर पानी नहीं था और वे गम्भीर अवस्था में घायल हो गए। यहां तक कि गौरक्षकों द्वारा घायल तस्करों को एम्बुलेन्स तक लाने में पुलिस की पूरी सहायता की गई। वर्ग विशेष और स्थानीय कांठोस नेताओं के दबाव में पुलिस और मीडिया द्वारा गौरक्षकों पर मॉबलिंचिंग का आरोप लगाकर गिरफ्तार कर लिया गया जबकि मौके पर मारपीट की कोई घटना नहीं हुई थी। यहां तक कि गौरक्षकों के परिवार की सूचना सार्वजनिक करने के कारण गौरक्षकों के घर पर पत्थरबाजी भी हुई। गौरक्षकों पर बेबुनियाद आरोप लगाने के विरोध में आज ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में गौरक्षकों की तुरन्त रिहाई, परिवारों की सुरक्षा, सम्बद्ध गौ तस्करों के पूरे गिरोह पर कार्यवाही, राज्य में तस्करी पर प्रभावी नियन्त्रण और गौहत्या निषेध के सशक्त केन्द्रीय कानून बनाने का आग्रह किया है।

स्पा सेंटर पर पुलिस का छापा

जोधपुर, (कासं)। स्पा सेंटर के नाम पर जोधपुर में हो रहे देह व्यापार का पुलिस ने खुलासा किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात पुलिस ने भगत की कोठी थाना क्षेत्र में संचालित होने वाले स्पा सेंटर पर छापा मारकर काफी संख्या में युवतियां व युवक संदिग्ध हालत में पकड़ा है। इसके बाद स्पा सेंटर के मैनेजर एक महिला को पीटा एक्ट व अन्य युवक युवतियों को शांतिभंग के तहत हिरासत में लेकर थाने लेकर आए। इधर, देर रात पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शहर में और भी जगह संचालित हो रहे स्पा सेंटर में खलबली मच गई। एसीपी मंगलेश चुंडावत ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भगत की कोठी थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में एक नेचुरल साउल स्पा सेंटर संचालित होता है। इस सेंटर में देह व्यापार व अनैतिक कार्य होते हैं। ऐसे में पुलिस ने शुक्रवार रात को सेंटर में एक डिकॉय भेजा। सूचना की पुष्टि होने के बाद पुलिस जाब्ते ने वहां रेड दी। पुलिस को काफी संख्या में युवक व युवतियां स्पा सेंटर में संदिग्ध हालत में मिले। जिसके बाद भी को वहां से 151 के तहत हिरासत में ले लिया है। वहीं स्पा सेंटर के मैनेजर व एक महिला को पीटा एक्ट में पकड़ा है।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नए कार्मिकों को नियुक्ति पत्र थमाए

जालोर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने जालोर जिले के नव चयनित 271 कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि सेवा और समर्पण भाव से अपने कर्तव्य व दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य करें। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग जालोर क्लब में शनिवार को कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आगामी समय में भी पारदर्शिता के साथ विभिन्न विभागों की भर्ती प्रक्रिया निरन्तर जारी रहेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने नवचयनित कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि आमजन के हितार्थ अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यक्रम के अंत में जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी ने सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी ने किया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलैक्टर पूजा पार्थ, पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित व आहोर नगर पालिका अध्यक्ष सुजाराम प्रजापत उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान टैगोर इन्टरनेशनल ऑडिटोरियम स्कूल मानसरोवर, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण किया गया।

अतिथियों द्वारा प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अध्यापक लेवल-1 सागर शर्मा व जसराम तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक रमेश कुमार व गणपतलाल को प्रतीकात्मक रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

जालोर जिले में 271 नियुक्ति पत्र जारी

जालोर जिले में कुल 271 नियुक्ति पत्र जारी किए। माध्यमिक शिक्षा विभाग के 183, प्रारंभिक शिक्षा विभाग के 60, वन विभाग के 12, सहकारिता विभाग के 1, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 1, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 5, पशुपालन विभाग के 9 तथा कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के 2 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, सुरेश सोलंकी, पंचायत समिति सदस्य छगनाराम माली गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, व जनप्रतिनिधि-अधिकारी सहित कई जने उपस्थित रहे।

पाली जिले में 610 युवा लाभान्वित

पाली,(नि.सं.)। माली समाज भवन में शनिवार को आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल रूप स नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र देने के साथ ही उनसे संवाद किया। पाली में योजना के तहत 610 युवा लाभान्वित हुए।

संभाग मुख्यालय पर प्रतिमाह लेगेंगे रोजगार मेले

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर प्रतिमाह रोजगार मेलें का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्यि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले एवं खेल तथा कौशल नियोजन एवं उद्यिमता, सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को समर्पित है। आज का युवा संकल्प ले तो वह असंभव को भी संभव कर सकता है। आज का युवा स्वस्थ्य रहे मस्त रहे एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। आम आदमी को रोजगार, शिक्षा, सड़क एवं अन्य मूलभुत सुविधाएं आसानी से मिले इसके लिए राज्य सरकार रुप से प्रयासरत है।

नियोजन एवं उद्यिमता विभाग के राज्यमंत्री के.के.विश्नोई ने विभाग की और से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दीं।

कार्यक्रम को कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग के शासन सचिव पी.सी. किशन, मुख्य सचिव सुधांश पंत, शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने भी युवाओं को संबोधित किया। आयुक्त कुमारपाल गौतम ने सभी का आभार जताया।

इस मौके पर पाली संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, जिला कलैक्टर एलएनमंत्री, एडीएम सीलिंग भवानसिंह, यूआइटी सचिव पूजा सक्सेना, उपखंड अधिकारी पाली अशोक कुमार विश्नोई, तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, जिला रोजगार अधिकारी रामदयाल राठौड़, नायब तहसीलदार रमेशचन्द्र ननोमा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश जयसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राहुल राजपुरोहित, मदन पंवार आदि मौजूद रहे।

सांख्यिकी दिवस पर समारोह व कार्यशाला आयोजित

जालोर, (कासं)। प्रो.पी.सी.महालनोबिस की स्मृति में 18वें सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में जिला स्तरीय समारोह एवं कार्यशाला का शनिवार को जिला परिषद सभागार में आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समारोह के दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने अपने उदबोधन में कहा कि सांख्यिकी का महत्व हमारे जीवन में प्रत्येक दिन रहता है। दैनिक कार्यो की वस्तुओं में भी सांख्यिकी निहित है। बिना सांख्यिकी के किसी को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जाना संभव नहीं है। सांख्यिकी आंकड़ें सरकारी योजनाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। सरकार की ओर से किसी भी योजना को बनाने से पूर्व आंकड़ों को आधार माना जाता हैं, जो साख्यिकी विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जाते हैं। बिना सांख्यिकी के किसी भी कार्य को किया जाना संभव नहीं है।

कार्यशाला के दौरान व्याख्याता विजयसिंह इन्दा द्वारा सांख्यिकी समंक का निर्णय लेने में उपयोग पर व्याख्यान दिया गया। समारोह से पूर्व प्रात: सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विद्यालय के छात्र-छात्राओं की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेताओं को समारोह के दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की ओर से परितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक एवं कार्मिकों को भी पारितोषिक प्रदान किए गए।

समारोह एवं कार्यशाला में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक योगश कुमार, उपनिदेशक सूर्यप्रकाश शर्मा, कोषाधिकारी जीएल गोदारा, डिस्कॉम के लेखाधिकारी नगाराम चौधरी तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

किशन सिंह का सम्मान किया

प्रो. पी. सी महालनोबिस की स्मृति 18वें सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तर पर आयोजित समारोह में कार्यालय उपनिदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, जालोर के सहायक सांख्यिकी अधिकारी किशन सिंह को राज्य स्तर पर आयोजना विभाग, जयपुर के संयुक्त सचिव सुशील कुमार कुल्हरी व आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, जयपुर के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी द्वारा सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि सहायक सांख्यिकी अधिकारी किशन सिंह द्वारा जिला स्तर पर जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन (वर्ष 2011-13) के प्रमाण पत्रों का सम्पूर्ण शत-प्रतिशत डिजिटलाईजेशन करवाकर उत्कृष्ट कार्य किया गया।

रेवदर में आई.जी. ओमप्रकाश पहुंचे

रेवदर, (निसं) रेवदर में पाली रेंज आईजी ओमप्रकाश आज रेवदर दौरे पर रहे आईजी ओमप्रकाश के रेवदर पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस के जवानों में गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

रेवदर पुलिस उपाधीक्षक रूपसिंह इंदा ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया इसके बाद आईजी ने कार्यालय का निरीक्षण किया। आईजी ने रेवदर वृत परिसर में पौधारोपण कर स्टाफ कर्मियों को पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दी। रेवदर सर्किल के थानाधिकारीयो की क्राइम को लेकर बैठक ली व रिकॉर्ड की जांच की। बैठक कर अपराधों के खिलाफ अंकुश लगाने निर्देश दिए दिए।

इसके बाद आईजी ने मीडिया से रूबरू होकर बताया कि रेवदर क्षेत्र में क्राइम में काफी कमी आई है। रेवदर आबूरोड रोड पर लूट की वारदातों को लेकर जल्द वास दत्ताणी के पास चौकी बनाने के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कही। नये कानून को लेकर भी जानकारी दी। इसके बाद आईजी मंडार थाने के निरीक्षण के लिए रवाना हुए। इस दौरान सिरोही एसपी अनिल कुमार,रेवदर पुलिस उपाधीक्षक रूपसिंह इंदा,रेवदर मंडार, अनादरा थानाधिकारी मौजूद रहे।

बाप में बारिश

बाप, (निसं)। बाप कस्बे में शनिवार दोपहर में रिमझिम बारिश हुई। करीब 20 मिनट हुई रिमझिम बारिश से एक बार मौसम सुहावना हो गया। बाप कस्बे के अलावा आसपास के गांवों में हल्की बरसात व बूंदाबांदी के समाचार है।

बाप के चारणाई व जाम्बा में अच्छी बारिश हुई। क्षेत्र में पिछले कई दिनो से बादल छाये हुए है। दोपहर में उत्तर की तरफ उठी काली घटाए जैसी दिखी वैसी बरसी नही। बारिश रूकने के बाद कुछ देर हवा चली, इसके बाद हवा थमने से उमस में बढोतरी हो गई।

भा.वि.प. ने पौधारोपण किया

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद् की ओर से इन दिनों राजस्थान पश्चिम प्रान्त की सभी शाखाओं में 27 जून से सेवा एवं पर्यावरण पखवाडा चल रहा है।

इसी के तहत परिषद् की जालोर शाखा ने पखवाडा के तीसरे दिन शनिवार को सघन पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

शाखा के पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी श्याम सुंदर हेडा के निर्देशन में शहर के रूपनगर क्षेत्र स्थित फतेह रॉयल रेजिडेंसी परिसर में परिषद् सदस्यों ने 5 -5 फीट लम्बाई के 30 नीम के पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की।

कॉलोनी वासियों द्वारा इन पौधों की नियमित देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ली गयी।

इस अवसर पर परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) इन्जि. पदमाराम चौधरी, शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतडा, शाखा उपाध्यक्ष प्रेम कुमार परमार, महिला संयोजक सीमा जोशी, सत्य नारायण माहेश्वरी ,गोपाल स्वामी, कमल किशोर भूतडा, पुखराज चौधरी, श्यामा भूतडा, संगीता हेडा , प्रकाश भटनागर ,पवन पेडीवाल, जगदीशट अग्रवाल, कालूराम प्रजापत, पदमाराम माली ,विजय जोशी, कन्हैयालाल जैन, धीरज सोनी, जोग सिंह, राधेश्याम, मुकेश अग्रवाल, नरेश देवडा , वासुदेव आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पल्स पोलिया अभियान के लिए जन जागरूकता रैली निकाली

जालोर, (कांस)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए पोलियो प्रतिरक्षक दवा नजदीकी पोलियो बूथ पर रविवार 30 जून को नि:शुल्क पिलायी जाएगी। अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज स्वास्थ्य कर्मियों,नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों एवं क्लब के सदस्यों द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत जालोर शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष डॉ. पवन ओझा ने बताया कि पोलियो जागरूकता रैली को जिला कलेक्टर पूजा पार्थ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोटरी अध्यक्ष ओझा बताया कि रोटरी ने पोलियो के वैश्विक उन्मूलन के लिए 2.1 बिलियन डॉलर से अधिक राशि और अनगिनत स्वयंसेवी समय का योगदान दिया है।

रोटरी इंटरनेशनल, पोलियो बीमारी को जड से खत्म करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और काफी हद तक हमें इसमें कामयाबी भी मिली है। पोलियो के अभिशाप को जड से मिटाने के लिए क्लब पल्स पोलियो अभियान में हर बार सहयोग करता है। रोटरी संस्था बडी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपना सहयोग देती रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुनमचंद टाँक, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.मुकेश चौधरी, विश्व स्वास्थ्य संगठन टीम से अनीता चौहान, हरफुल भिंडारा, रमेश पन्नू, मोहनसिंह गुर्जर, पुरुषोत्तम गर्ग, कविता, चंद्रशेखर, गुलाम, वीरेंद्र परमार आदि मौजूद रहे।

पाली संवाददाता के अनुसार : पल्स पोलियो अभियान को लेकर पाली शहर सहित जिले भर में शनिवार को जन जागरूकता रैली निकाली गई।

पाली शहर में भी बांगड़ चिकित्सालय से शनिवार को जन जागरूकता रैली निकाली गई।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि यह जन जागरूकता रैली अभियान को सफल बनाने के लिए निकाली। जो 30 जून को शुरु होगा। जिसके लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले में कहीं माइकिंग, कहीं होर्डिंग्स फ्लैक्स तो, कहीं पर जागरूकता रैली के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

शनिवार को जागरूकता रैली राजकीय बांगड़ अस्पताल से निकाली गई। इस जागरूकता रैली को बांगड़ अस्पताल के अधीक्षक डॉ पीसी व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली बांगड़ अस्पताल से रवाना होकर सूरजपोल, अहिंसा सर्कल, हिंदू सेवा मंडल, रोटरी भवन, लोढ़ा स्कूल से होते हुए पुन: बांगड़ अस्पताल पहुंची।

इस मौके पर आरसीएचओ डॉ. श्रीराम यादव, पल्स पोलियो शहर प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत पुरोहित, ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के.सी. सैनी, नर्सिंग कॉलेज प्रधानाचार्य झूमरलाल पालीवाल, नर्सिंग अधीक्षक दयालाल भुंगरिया, नर्सिंग प्रशिक्षक मदनगोपाल वैष्णव, ललितसिंह चौहान, पारसमल कुमावत, दिनेश मीणा, भूपेन्द्र कुमार, कमलकिशोर गहलोत, मुरलीधर शर्मा, महावीर बाघमार, निखिल कुमार, दिलीप कुमार, मनीषा पटेल, रूपेन्द्र कुमार, विकास चौहान,मानवेन्द्रसिंह, रामजीवन पालीवाल, शिवनारायण दाधीच, इन्दु कटारिया, नर्सिंग ऑफिसर सुगनचंद गौड़, संजय कुमार शर्मा, राजाराम रोपिया, सुजाता बी, हेमलता पंवार , महेश कुमार, डीपीसी आईईसी नन्दलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पाली जिले में 2 लाख 85 से अधिक बच्चे हैं पात्र

पाली जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान रविवार 30 जून से शुरू होगा। पोलियो दिवस पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को 1149 बूथों पर पोलियोरोधी की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जिले में नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 2 लाख से अधिक बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

सार-समाचार

शव यात्रा ले जाने के मार्ग पर विवाद

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर ग्रामीण के ओसियां के निकटवर्ती खेतासर में महिला का अंतिम संस्कार अभी तक नहीं किया जा सका है। शनिवार को दूसरे दिन भी महिला का शव घर के आंगन में रखी हुई है। परिजन और समाज के लोगों की प्रशासन के साथ शवयात्रा निकालने को लेकर रास्ते पर सहमति नहीं बन पाई है। इसके चलते अभी तक अंतिम संस्कार नहीं हो सका है। परिजन और समाज के लोग जिस रास्ते से शवयात्रा ले जाना चाहते हैं उस पर कोर्ट का स्टे है। इसके चलते प्रशासन की ओर से कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए उन्हें वैकल्पिक रास्ते से जाने की सलाह दी जा रही है लेकिन अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। गौरतलब है कि पदू देवी पत्नी अखाराम मेघवाल का शुक्रवार को निधन हो गया था इसके बाद परिजन और समाज के लोगों ने शव को अपनी पसंद के रास्ते से ले जाने की मांग को लेकर विरोध करना शुरू कर दिया। ओसियां के नायब तहसीलदार छतर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिस रास्ते से परिवार शव यात्रा को श्मशान घाट तक ले जाना चाहते हैं उसको लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है। ऐसे में उन्हें वैकल्पिक रास्ते से जाने को लेकर सलाह दी गई है लेकिन परिजन इसी रास्ते से जाने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आज से

जोधपुर, (कासं)। शहर के सभी क्षेत्र में तीस जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 5 वर्ष तक के 2 लाख 3 हजार 29 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। कार्यक्रम के सफल संपादन के लिए चिकित्सा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग एवं नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों का सहयोग लिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रथम दिवस के दिन अधिक से अधिक बच्चों को बूथ पर ही पोलियो की खुराक पिलाने हेतु निर्देशित किया गया है तथा वंचित हुए बच्चों को एक और दो जुलाई को टीम द्वारा घर घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के तहत कुल 797 स्थाई बूथ व 126 मोबाइल टीमों का गठन किया है, जिसमें 151 सुपरवाइजर शामिल है। प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निरंजन सिंह यादव ने बताया कि जिले में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से वंचित न रहे इसके लिए पोलियो दिवस के दिन रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कच्ची बस्तियों, फुटपाथ, निर्माण क्षेत्र पर भी पोलियो की खुराक पिलाने के लिए व्यवस्था की जाएगी। निगरानी के लिए जिला स्तर से मॉनिटरिंग के लिए 5 अधिकारी एवं जोनल स्तर पर 9 चिकित्सा अधिकारियों द्वारा सैकण्ड मॉनिटरिंग की जाएगी।

युवाओं को हुक्का पीते पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। शहर में संचालित हो रहे हुक्का बार पर पुलिस की सख्ती बढ़ गई है। शुक्रवार रात को जोधपुर वेस्ट के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे हुक्काबार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। यहां एक हुक्काबार से पुलिस ने युवाओं को हुक्का पीते हुए पकड़ा है। वहीं मौके से पुलिस ने हुक्के का सामान व संचालकों को गिरफ्तार किया है। बोरानाडा पुलिस ने गंगाणा रोड पर संचालित हो रहे एक हुक्काबार पर छापा मारा। वहां से पुलिस ने नौ युवकों को हुक्का पीते हुए गिरफ्तार किया जिन्हें पुलिस थाने से जमानत दे दी गई। इधर भगत की कोठी पुलिस ने सरस्वती नगर में संचालित होने वाले पीबीएक्स कैफे पर छापा मारा। यहां से पुलिस ने एक युवक को अवैध हुक्का व धूम्रपान के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। बता दे कि एनसीबी की रडार पर सबसे ज्यादा शहर में संचालित होने वाले हुक्काबार है। यहां युवा हुक्के की आड में कई तरह के नशे के आदी हो रहे है। इसको लेकर पुलिस व एनसीबी की ओर से सभी हुक्काबार पर सख्ती शुरू कर दी गई है।

नीम हकीमों के खिलाफ कार्रवाई

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के जसवंतपुरा ब्लांक सीएमएचओं ने शनिवार को झोलाछाप नीम हकीम के खिलाफ कार्यवाही की गई। निदेशक जन स्वास्थ्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार अनाधिकृत रूप से संचालित निजी क्लीनिको तथा नीम हकीमों के विरुद्ध कार्यवाही